निगम अफसरों की 'शतरंजचाल'!

नोटिसों के बावजूद खड़ी हो रहीं अवैध बिल्डिंगें, सेटिंग के बाद फिर शुरू निर्माण

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में अवैध निर्माणों का खेल लगातार बढ़ता जा रहा है। निगम अधिकारियों की कथित "शतरंजचाल" और दोहरी नीति के चलते शहर में नियमों को ताक पर रखकर बिल्डिंगें खड़ी की जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि निगम की तरफ से कार्रवाई के नाम पर काम कुछ समय के लिए रुकवाया जाता है, लेकिन कथित सेटिंग के बाद चंद घंटों में ही निर्माण दोबारा शुरू हो जाता है।

सूत्रों के अनुसार जोन-ए अंतर्गत पीरू बंदा मोहल्ले में एक अवैध कॉलोनी के अंदर करीब 2700 गज में निगम के अधीन आते प्लॉटों को क्लब कर बिल्डिंग तैयार की जा रही है। आरोप है कि बिल्डिंग बायलॉज के विपरीत जाकर फीस जमा करवाकर निर्माण करवाया जा रहा है। जबकि एमटीपी विजय कुमार द्वारा जोन-ए के एटीपी, इंस्पेक्टर और सेवादार तक को नोटिस जारी किए जा चुके हैं, इसके बावजूद निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है।

सूत्रों का कहना है कि मामले की शिकायत लोकल बॉडी विभाग और चीफ सीवीओ तक भी पहुंच चुकी है, लेकिन जोन-ए के अधिकारी सुनवाई करने को तैयार नहीं हैं।

इसी तरह शिवपुरी गली नंबर-8 में अधिकारियों की मिलीभगत से रिहायशी इलाके में फैक्ट्री निर्माण करवाए जाने का मामला भी सामने आया है। वहीं बिंद्रा कॉलोनी में नामदेव भवन के सामने रिहायशी जगह पर अवैध कमर्शियल निर्माण शुरू किया गया था। शिकायत उच्च अधिकारियों तक पहुंचने के बाद निगम ने बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की, लेकिन कुछ घंटों बाद ही निर्माण फिर शुरू हो गया।

बदौड़ हाउस के पास पुराने होटल को तोड़कर कई दुकानें बनाई जा रही हैं। आरोप है कि होटल की मंजूर फीस और नक्शे की आड़ में कमर्शियल दुकानों का निर्माण कर फीसों में गोलमाल किया जा रहा है।

इसके अलावा किटी ब्रेड के पास मेन रोड काराबारा रोड पर करीब 1850 गज में बेसमेंट वाली फैक्ट्री बनाई जा रही है, जहां फीस कुछ और और निर्माण नक्शा कुछ और का बताया जा रहा है। वहीं जोन-डी अंतर्गत घुमार मंडी इलाके में भी रिहायशी जगह पर बेसमेंट तैयार कर कमर्शियल बिल्डिंग खड़ी किए जाने की चर्चा है।

इस संबंध में एमटीपी विजय कुमार ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आ चुका है। जल्द ही जोन-ए और जोन-डी के एटीपी को चेकिंग कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए जाएंगे।

दीवारों पर जीवंत हुई पंजाब की संस्कृति, लुधियाना का अंडरपास बना खास

SOLITAIRE WALK

साक्षी शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना नगर निगम की ओर से शहर को सुंदर और आकर्षक बनाने के तहत लोधी क्लब रोड स्थित रेलवे अंडरपास (आरयूबी) की ब्यूटीफिकेशन का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। यह जिम्मेदारी सीएसआर एक्टिविटी के तहत एक निजी कंपनी को सौंपी गई थी। कंपनी को निर्देश दिए गए थे कि अंडरपास की दीवारों पर पंजाबी संस्कृति और शहर की पहचान को दर्शाने वाली विशेष पेंटिंग बनाई जाएं।

अब दीवारों पर बनाई गई रंग-बिरंगी कलाकृतियां लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। पेंटिंग्स में पंजाब की संस्कृति, लोक जीवन, पारंपरिक वेशभूषा और कला को बेहद खूबसूरती से दर्शाया गया है। इसके अलावा लुधियाना और पंजाब का नाम देश-विदेश में रोशन करने वाली प्रमुख हस्तियों की तस्वीरें भी दीवारों पर उकेरी गई हैं। राहगीरों का कहना है कि इन पेंटिंग्स को देखकर ऐसा महसूस होता है जैसे तस्वीरें जीवंत हों। खासकर रात के समय लाइटिंग के बीच यह अंडरपास और भी आकर्षक दिखाई देता है। शहरवासियों ने नगर निगम और संबंधित कंपनी के इस प्रयास की सराहना की है। लोगों का मानना है कि इस तरह की पहल से शहर की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ युवाओं को कला और संस्कृति से भी जोड़ने का अवसर मिलता है।

पंजाब में 11 से बदलेगा मौसम, विभाग ने 4 दिन के लिए यलो अलर्ट जारी किया

साक्षी शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

मई का महीना शुरू होने के बावजूद पंजाब में अभी तक भीषण गर्मी का असर पूरी तरह देखने को नहीं मिल रहा है। जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई है, वहीं बदलते मौसम के कारण कभी ठंडा तो कभी गर्म वातावरण से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। इसी बीच लुधियाना स्थित पीएयू के मौसम विभाग ने आने वाले दिनों को लेकर राहत और चेतावनी दोनों जारी की हैं।

मौसम विशेषज्ञ डॉ. पवनीत कौर के अनुसार, मौसम विभाग ने 11 मई से अगले चार दिनों के लिए पंजाब में यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान प्रदेश के तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। फिलहाल पंजाब में मौसम शुष्क बना हुआ है, लेकिन 10 मई से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके प्रभाव से मौसम का मिजाज बदलने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब के कई इलाकों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। शुक्रवार को राज्य के अधिकतम तापमान में 0.8 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई, हालांकि तापमान अभी भी सामान्य से करीब 5 डिग्री नीचे बना हुआ है। प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान बठिंडा में 38.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान रूपनगर में 16.5 डिग्री दर्ज हुआ। अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, पठानकोट, फाजिल्का और अन्य जिलों में भी तापमान सामान्य से नीचे रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को बदलते मौसम के दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है।

डिलीवरी बॉय पर हमला कर लूट, नया मोबाइल और 5 हजार लेकर फरार हुए बदमाश

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में देर रात डिलीवरी बॉय के साथ लूटपाट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। परिवार का पालन-पोषण करने के लिए मेहनत कर रहे गगन पाल पर कुछ बदमाशों ने हमला कर उसका नया मोबाइल फोन और करीब 5 हजार रुपये की नकदी लूट ली। जानकारी के मुताबिक गगन पाल पिछले कई वर्षों से डिलीवरी बॉय का काम कर अपने परिवार का गुजारा चला रहा है। हाल ही में उसने काम के लिए नया मोबाइल फोन खरीदा था, जिसकी पहली किस्त भी कुछ दिन पहले ही भरी थी। घटना शुक्रवार रात करीब 11:15 बजे की है। गगन शिवपुरी से जालंधर बाईपास की ओर जा रहा था। इसी दौरान एक्टिवा और मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोपियों ने तेजधार हथियारों से उसके सिर और मुंह पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले के बाद आरोपी उसका मोबाइल फोन और करीब 5 हजार रुपये नकद छीनकर मौके से फरार हो गए। घायल गगन ने बताया कि वारदात के दौरान उसने आरोपियों की मोटरसाइकिल का नंबर नोट कर लिया था। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि उक्त वाहन फील्ड गंज इलाके की एक महिला के नाम पर रजिस्टर्ड है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

विधायक ने महाराणा प्रताप लाइब्रेरी, कम्युनिटी सेंटर का लोकार्पण किया

486वीं जयंती पर विद्यार्थियों को बांटी पाठ्य सामग्री

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

न्यू शिवपुरी में शनिवार को नवनिर्मित महाराणा प्रताप लाइब्रेरी एवं कम्युनिटी सेंटर का लोकार्पण विधायक मदन लाल बग्गा ने किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पंजाब और महाराणा प्रताप राजपूत सभा की ओर से महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए।

समारोह में विधायक मदन लाल बग्गा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में भजन गायकों ने महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और वीरता पर आधारित भजन व कविताएं प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति रंग में रंग दिया। विधायक बग्गा ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पंजाब के अध्यक्ष डिंपल राणा ने विधायक बग्गा और पार्षद मनजीत ढिल्लो का आभार जताते हुए कहा कि महाराणा प्रताप जयंती पर न्यू शिवपुरी के लोगों को लाइब्रेरी एवं कम्युनिटी सेंटर के रूप में अनमोल सौगात मिली है। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री और लड्डू वितरित किए गए। समाज सेवा व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली शख्सियतों को महाराणा प्रताप का स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया गया। श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर की व्यवस्था भी की गई। इस मौके पर पार्षद पुष्पिन्द्र भनोट, संत सिंह राणा, डी.एस. राणा, अनिल ठाकुर, नरेश राणा, मिंटू राणा, रिंकू राणा, नितिन राणा, आशू राणा, गौतम पुंडीर, राणा रणजीत सिंह, अशोक जसरोटिया, रणधीर राणा, कुलदीप शर्मा, तजिंद्र चहल, हरीश दुआ, मामचंद राणा, संदीप रघू, सोनी राणा, सुभाष गुप्ता, नीटी बजाज, नीटा नारंग, डॉ. कमल, विश्वजीत ठाकुर, विष्णु ठाकुर, रजनीश सूद, राजेश राणा, मंगा मलिक, तरुण, प्रमोद राणा, अमनदीप राणा, विजय अरोड़ा, बॉबी, दर्शन कोचर, तरलोक सिंह, रिचा कोहली, प्रीती, उर्वंशी, पंकज मरवाहा, दीपू और दीपक संचित सहित बड़ी संख्या में युवा व महिलाएं उपस्थित रहीं।

इंसाफ की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

AJIT SINGH
ACCUSED

HARPREET SINGH
RISHAMJIT GABA
ACCUSED
Rajesh Bansal
Vinod Siyal
Harpreet Singh
Pankaj Gupta
Khushvant Singh
Ajit Singh Savraj
Sanju Goyal
Anil Kumar
Ranveer Kaur Gill
Tarun Goyal
Rishamjeet Singh Gaba

लुधियाना, लक्की भट्टी | समर न्यूज़ | पक्खोवाल रोड पर शनिवार को प्रॉपर्टी कारोबारी परमिंदर सिंह अनेजा (रिम्पी) की सुसाइड के खिलाफ परिवार के सदस्यों व मोहल्ला निवासियों ने कैंडल मार्च निकाला। मार्च के दौरान परिजनों ने पत्रकारों को बताया कि लंबे समय से चले आ रहे विवाद में दोषियों ने उनके पिता को मानसिक रूप से तोड़ दिया था। थाना डुगरी पुलिस ने दोषियों के खिलाफ पहले ही केस दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। मृतक के भाई व बेटी ने बताया कि सुसाइड से पहले पिता का वीडियो भी बनाया गया था, जिसमें उन्होंने दोषियों के नाम लिए थे। फिर भी आरोपी आजाद घूम रहे हैं। परिजनों ने पुलिस कमिश्नर लुधियाना से मांग की है कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सेंट्रल मॉल पुलिस चौकी भगत सिंह नगर के बाहर जाकर समाप्त किया पुलिस ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था की। थाना दुगरी के एसएचओ गुरमुख सिंह ने जानकारी देते हु पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है और उपयोग को जल्द से जल्द हिरासत में दिया जाएगा।

नेशनल लोक अदालत में 1.10 लाख मामलों के निपटारे

चेक बाउंस मामलों के लिए 18 जुलाई को लगेगी विशेष लोक अदालत

NATIONAL LOK ADALAT

नीलकमल मोनू | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी और पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण के निर्देशों पर आज लुधियाना जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण हरप्रीत कौर रंधावा की देखरेख में रही। लुधियाना मुख्यालय सहित जगराओं, समराला, खन्ना और पायल की सब-डिवीजनों में सुबह से ही पक्षकारों की भारी भीड़ उमड़ी।

- **आंकड़ों में आज की लोक अदालत ...**

कुल बेंच 58 (48 जिला मुख्यालय और 10 सब-डिवीजन में) टेक-अप केस करीब 1,15,000 मामले। लक्ष्य है की शाम तक लगभग 1,10,000 मामलों के निपटारे की उम्मीद। अकेले चेक बाउंस (Section 138) के 1.25 लाख से ज्यादा मामले लंबित।

- **जड़ से खत्म होती है मुकदमेबाजी,न अपील न दलील...**

मीडिया से मुखातिब होते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरप्रीत कौर रंधावा ने कहा कि लोक अदालत का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यहाँ होने वाले फैसले के खिलाफ कोई अपील नहीं होती। उन्होंने बताया,लोक अदालत में जब दो पक्ष आपसी सहमति से राजीनामा करते हैं तो मुकदमेबाजी जड़ से खत्म हो जाती है। इससे न केवल समय बचता है बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है।

- **चेक बाउंस के मामलों के लिए लगेगी स्पेशल अदाल...**

न्यायाधीश ने बताया कि लुधियाना में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट (138) के मामलों की संख्या बहुत अधिक है। इसे देखते हुए भविष्य की योजना भी साझा की गई 18 जुलाई 2026 विशेष रूप से चेक बाउंस (138 NI Act) के मामलों के लिए स्पेशल लोक अदालत लगेगी। 12 सितंबर 2026 अगली बड़ी नेशनल लोक अदालत आयोजित होगी, जिसमें सभी श्रेणियों के केस लिए जाएंगे।

- **टूटते घरों को बचाने की अपील...**

शादी में सब्र और समझ जरूरी शादी के महज दो-तीन साल के भीतर कोर्ट पहुँच रहे युवाओं को न्यायाधीश रंधावा ने भावुक और व्यावहारिक सलाह दी। उन्होंने कहा,आज मैंने खुद कई जोड़ों की काउंसलिंग की है। शादी की शुरुआत में दिक्कतें आना स्वाभाविक है। अगर पति-पत्नी थोड़े सब्र और समझदारी से काम लें, तो तलाक की नौबत नहीं आएगी और घर हँसते-बसते रहेंगे।

- **इन मामलों का हुआ निपटारा...**

लोक अदालत में मुख्य रूप से वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस के मामले, दीवानी, और समझौते योग्य आपराधिक मामलों की सुनवाई की गई। बार एसोसिएशन के वकीलों ने भी इस मुहिम में पूरा सहयोग दिया ताकि आम जनता को त्वरित न्याय मिल सके।

समारोह

स्थापना दिवस के मौके पर श्री बालाजी महाराज को लगेंगे छप्पन भोग प्रसाद

भारत की विशालकाय 72 फुट श्री बालाजी प्रतिमा बनी आस्था का केंद्र

लक्की भट्टी | लुधियाना
समर न्यूज़

जोशी नगर, शंकराचार्य नगर, हैबोवाल कलां स्थित सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर में 22वें वार्षिक स्थापना दिवस को लेकर भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में स्थापित भारत की विशालकाय 72 फुट ऊंची श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। जैसे ही भक्त जोशी नगर धाम में प्रवेश करते हैं, उन्हें दूर से ही श्री बालाजी महाराज के दिव्य स्वरूप के दर्शन हो जाते हैं और भक्त हाथ जोड़कर प्रभु का स्मरण करते हुए सिद्ध दरबार तक पहुंचते हैं। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान स्व.अशोक जैन जी की प्रेरणा से प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन एवं उपप्रधान अनुज मदान द्वारा श्रद्धालुओं को निमंत्रण दिया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह विशाल प्रतिमा केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं बल्कि भक्त और भगवान के अटूट प्रेम, विश्वास और आस्था का प्रतीक है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु यहां पहुंचकर श्री बालाजी महाराज के चरणों में नतमस्तक होते हैं और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना करते हैं। मंदिर प्रबंधन द्वारा स्थापना दिवस समारोह को भव्य रूप देने के लिए दिन-रात तैयारियां की जा रही हैं। उपप्रधान अनुज मदान ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर श्री बालाजी महाराज को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे तथा हजारों श्रद्धालु इस पावन अवसर पर मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। प्रधान अमन जैन ,चेयरमैन ऋषि जैन ,उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है ताकि दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह स्थापना दिवस समारोह भक्तों के सहयोग, सेवा और श्रद्धा से ही संपन्न होता है, क्योंकि इस आयोजन में भक्त और भगवान के बीच का दिव्य रिश्ता साफ दिखाई देता है। जब भक्त सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करते हैं तो भगवान भी अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। निमंत्रण दौर में आधार दी फाउंडेशन संस्था के प्रधान रविनंदन शर्मा ,निर्मला देवी शर्मा ,जगतपुरी थाना प्रभारी सुखजिंदर सिंह, समाज सेवक जुगल गोयल, व अन्य गणमायों को भाव सहित स्थापना दिवस के निमंत्रण दिये गये।रविनंदन शर्मा ने कहा कि सनातन धर्म के प्रचार हेतु सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर की तरफ से किये जा रहे कार्य सराहनीय है ओर स्थापना दिवस के निमंत्रण हमारे लिए सौभाग्य की बात है।निमंत्रण दौर में अमन जैन,ऋषि जैन,अनुज मदान,पुनीत शर्मा,संदीप पब्बी,सुखविंदर सिंह चौहान ने अपने सेवाएं दी।

युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए स्पोर्ट्स किट बांटी गईं



समर न्यूज़ | लुधियाना

पनग्रेन के चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने अपने सुधार कार्यालय में हलका दाखा के विभिन्न गांवों से पहुंचे युवाओं को स्पोर्ट्स किट वितरित की। इस दौरान उन्होंने युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक होने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने का संदेश भी दिया। डॉ. गिल ने कहा कि पंजाब सरकार लगातार युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। सरकार का उद्देश्य युवाओं को नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर स्वस्थ एवं बेहतर भविष्य की ओर बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि राज्यभर में खेल मैदानों का नवीनीकरण कराया जा रहा है और खिलाड़ियों को जरूरी खेल सामग्री भी उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि युवा खेल मैदानों से जुड़ेंगे तो वे गलत रास्तों से दूर रहेंगे और अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकेंगे। डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें और पंजाब को खेलों के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने में सरकार का सहयोग करें।